भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली

पत्र संख्या:1220/04- परीक्षा/प्रोग्राम/मुख्य परीक्षा.2018

दिनांक 22/11/2018

**<u>परीक्षा अनुभाग</u>**

**2018 का परिपत्र सं. 18**

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र /एनएएए/आईसीआईएसए एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय: मुख्य अधीनस्थ लेखापरीक्षा /लेखासेवा (एसएएस) राजस्व लेखापरीक्षा /प्रोत्साहन परीक्षा एवं सत्त व्यवहायिक विकास (सीपीडी -। एवं ।।), परीक्षाएं 2018।

महोदय/महोदया,

यह सूचित किया जाता है कि पीसी-। भाषा कौशन के हिन्दी माध्यम के अभ्यर्थियों के लिए वार्षिक एसएएस परीक्षा 2018 में परीक्षा देने के लिए कस्टमाइ्जड ले आउट की बोर्ड "रैमिंगटन" के साथ आम तौर पर प्रयोग होने वाला "अक्षर" फॉन्ट उपलब्ध होगा। यही पहले से ही सीएजी की वेबसाईट पर पीसी-। भाषा कौशल के अभ्यथियों को अभ्यास के लिए डेमो टेस्ट में अपलोड किया हुआ है । डेमो टेस्ट वेबसाईट http://cbexams.com/cagdtest पर उपलब्ध है जिस पर मार्ग About Us > Other wings > examination द्वारा भी पहुंचा जा सकता है। पीसी -4 /आईई -4 सूचना तकनीकी (व्यवहारिक) एवं पीसी -। भाषा कौशल पेपर, मुख्य एसएएस/प्रोत्साहन परीक्षा 2018 के लिए आपरेटिंग सिस्टम तथा सॉफ्टवेयर क्रमश: "विंडो 7" एवं उपरोक्त होगा। इसलिए अभ्यथियों को इसके अनुसार प्रशिक्षण देना चाहिए। यह दोहराया जाता है कि अभ्यर्थियों को सीबीटी मोड द्वारा परीक्षा से परिचय कराने के लिए पीसी-। भाषा कौशल के भाग "ब" (मसौदा तथा लेखन योगयाताएं ) सहित संबंधित पेपरों में अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करें।

इसके अतिरिक्त सीबीटी मोड में परीक्षा देते समय टैब एवं कनट्रोल कीज, कट, कापी एवं पेस्ट कमान्डस को प्रश्न पत्र की परीक्षा के समय निष्क्रिय कर दिया जाएगा। टूल बाक्स में दर्शाया गया इडेन्ट बटन का प्रयोग पैरो के बीच की जगह बढाने या घटाने में किया जाता है जैसा कि अनुदेशो में इंगित है। पीसी-4 /आईई-4 सूचना तकनीकी (व्यवहारिक ) प्रश्न पत्र में भी शॉर्ट कट कीज जैसे "ctrl key" भी निष्क्रिय रहेगी।

मुख्य एसएएस/आईई परीक्षा 2018 में सम्मिलित होने वाले अभ्यथियों को तुदनुसार सूचित किया जाए।

कृपया इस पत्र की पावती को e-mail id: examsection@cag.gov.in पर भेजे।


भवदीय,

(एस.आर. धल)
महानिदेशक (परीक्षा)


## Steps how to download the font and install it.

- Download the font from the link.
- Open the folder where the font downloaded.
- Right click the font and copy it.


  For example:





- Go to C:\WINDOWS\Fonts and paste it there.




OR


Fonts
File Edit View Favorites Tools Help
Back
Search
Folders
PASTE FILE INTO THIS FOLDER
Go


Fonts
File
Edit
View
Favorites
Tools
Help
Search
Folders
Paste Ctrl+V
Select All Ctrl+A
Invert Selection
Arial Bold (TrueType)
Courier New Bold Italic...
Courier New Italic (Tru...
Estrangelo Edessa (...
Franklin Gothic Medium (Tr...

**ISTRUCTION: Type your answer in the text-box provided below.**


ite: To type the precis/Draft in Hindi download the Hindi Fonts (Click here to download Font Akshar) and copy them to "C:\WINDOWS\Fonts\" folder. Before writing your answer lect the respective Font from the Font dropdown list. After typing Precis/Draft please click the "save button" provided below.

ट: हिन्दी में सार टाइप करने के लिए हिन्दी फोन्ट डाउनलोड कीजिए ( फोन्ट डाउनलोड करने के लिए Akshar फोन्ट के नाम पर क्लिक कीजिए।) और उसको "C:\WINDOWS\Fonts\" फोल्डर में कॉपी कीजिए। र लिखने से पहले फोन्ट ड्रॉपडाउन लिस्ट से अपने निजी फोन्ट का चयन कीजिए। सार/ ड्राफ्ट टाइपिंग के बाद बचाने के लिए नीचे दिए गए "सेव बटन" क्लिक करें.

b key,control key, Cut, Copy and Paste commands will not be activated in CBT mode of examination in PC1. For para spacing select first/starting word and click the TAB button pearing above the text box.
सी - I में परीक्षा के सी बी टी प्रणाली में कट, कॉपी, पेस्ट आदेश(कमांड), कंट्रोल कुंजी और कुंजी बटन को सक्रिय नहीं किया जाएगा। पैरा अंतर के लिए पहले /प्रारम्भिक शब्द का चयन करें और टेक्स्ट बाक्स के ऊपर खाई देने वाले टैब बटन को क्लिक करें।

ito Save is there it happens for every 5 seconds.
टो सेव है, यह हर पाँच सेकंड में होता है।
Download Akshar Remington keyboard layout you can click here.
अर रेमिंग्टन कुंजीपटल लेआउट को डाउनलोड करने के लिए यहां क्लिक कीजिए.
view Documentation to install Fonts in "C:\WINDOWS\Fonts\" you can click here.
:\WINDOWS\Fonts\" में फॉन्ट्स स्थापित करने के प्रलेखन देखने के लिए आप यहां क्लिक कीजिए

I U TAB Font Size


Akshar Remington : Keyboard Layout
Backspace
Tab
Caps Lock
Enter
Shift
Shift
Ctrl
Alt
Space
Alt
Ctrl

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ल्ली-110124

परीक्षा अनुभाग

2018 का परिपत्र सं 17

सख्या.1815/04-परीक्षा/प्रो./मुख्य परीक्षा/ 2018
दिनांकः- 20 नंवबर 2018

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के सभी संबंधित कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/एनएएए, /आईसीआईएसए नोयडा एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- वार्षिक एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-I एवं II परीक्षा 2018 के लिए अभ्यर्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण।

महोदय/महोदया,

वार्षिक एसएएस /आरए/आई/सीपीडी-I एवं II परीक्षा 2018 के लिए पात्र अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता के लिए पासवर्ड संबंधित कार्यालयो को भेजे जा रहे हैं। इसलिए विभागाध्यक्ष द्वारा अभ्यर्थी के अनुमोदन/निरनुमोदन का जैसा भी मामला हो, 30-11-2018 तक पूरा हो जाना चाहिए क्योकि इसके पश्चात कोई छूट नही दी जाएगी।

विभागाध्यक्ष अभ्यर्थियों की पात्रता की परिशुद्धता सुनिश्चित करें।

भवदीय

(एस आर धल)
महानिदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,10, बहादुर शाह जफर मार्ग नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सख्या. 1109/04-परीक्षा/प्रो./मुख्य परीक्षा/ 2018
दिनांकः- 19 नंवबर 2018

2018 का परिपत्र संख्या 15

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/ एनएएए, शिमला, आईसीआईएसए एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- एस.ए.एस/ आरए/ आई/ सी पीडी-I&II मुख्य परीक्षा 2018 का आयोजन

महोदय/महोदया,

दिनांक 02-07-2018 के पत्र संख्या 718 /04-परीक्षा/एसएएस/ आरए/आई/सीपीडी-I&II /प्रो./सितं. 2018 के द्वारा जारी परीक्षा अनुभाग के परिपत्र सं. 10/2018 के माध्यम से जैसा कि पहले सूचित किया गया था, एस.ए.एस/ आरए/ आई/ सी पीडी-I&II मुख्य परीक्षा 2018 का आयोजन किया जाना है। उपरोक्त् परीक्षाओं के लिए पंजीकरण नवम्बर 2018 के तीसरे सप्ताह से प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।

कृपया इस परिपत्र की पावती e-mail id: examsection@cag.gov.in. पर भेंजे।

भवदीय,

(एस.आर. धल)
महानिदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली

सं 955/04-परीक्षा/कार्यक्रम/मुख्य परीक्षा/2018
दिनांक 28-09-2018

परीक्षा अनुभाग
2018 का परिपत्र सं.13

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे. प्र. केन्द्र/एनएए/आईसीआईएसए नोएडा एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- सीधी भर्ती एएओ को प्रशिक्षण की पूर्णता के बिना एसएएस परीक्षा में बैठने की अनुमति।

महोदय/महोदया,

सहायंक लेखापरीक्षा अधिकारी के पद पर भर्ती नियमों के अनुसार सीधी भर्ती एएओ को परिवीक्षा अवधि जो, सामान्यतया 2 वर्ष की होती है, के दौरान संबंधित शाखाओं में "अधीनस्थ लेखापरीक्षा सेवा परीक्षा" पास करनी होती है।

इसके अलावा, सहायक लेखपरीक्षा अधिकारी के पद पर स्थायीकरण और नियमित नियुक्ति के लिए परिवीक्षा अवधि के दौरान सीधी भर्ती एएओ के लिए एसएएस परीक्षा पास करना अनिवार्य है।

सीधे एएओ की नियुक्ति प्रस्ताव के अनुसार परिवीक्षा अवधि के दौरान एसएएस परीक्षा पास करने में विफलता से सीधी भर्ती एएओ सेवा मुक्त किया जा सकता है।

जहां तक प्रशिक्षण की पूर्णता की आवश्यकता का संबंध है, सक्षम प्राधिकारी ने निर्णय लिया है कि नए भर्ती एएओ जो विभिन्न आरटीआई/आरटीसी में प्रशिक्षण ले रहे हैं और जिन्होंने एसएएस 2018 परीक्षा से पूर्व अपेक्षित प्रशिक्षण पूर्ण नही किया है, को भी एसएएस मुख्य परीक्षा 2018 बैठने की अनुमति दी जाए। उक्त परीक्षा में बैठने के इच्छुक योग्य उम्मीदवारों को तदनुसार सूचित किया जा सकता है।.

भवदीय

(एस.आर.धल)
महानिदेशक (परीक्षा)

## भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग
## नई दिल्ली

### परीक्षा अनुभाग

संख्या.899/04/परीक्षा/कार्यक्रम/मुख्य परीक्षा 2018
दिनांक-24/08/2018

**2018 का परिपत्र संख्या 12**

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
आर.टी.आई./आर.टी.सी/एनएएए शिमला/ आई.सी.आई.एस ए. एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय: अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस)/राजस्व लेखा परीक्षा/प्रोत्साहन/सतत व्यवसायिक विकास (सीपीडी)-। तथा ।। मुख्य परीक्षाएं, 2018

महोदय/महोदया,

परीक्षा अनुभाग के 2018 के परिपत्र सं. 10 द्वारा जारी सं. 718/04-परीक्षा/एसएएस/आरए/सीपीडी-। एवं ।।/कार्यक्रम/सितम्बर 2018 दिनांक 02.07.2018 के अनुक्रम में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सहायक लेखा अधिकारी (तदर्थ) और एसएस (सिविल लेखा) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले ले एवं हक के कर्मचारी जिनकी अभी सहायक लेखा अधिकारी के पद पर पदोन्नति होनी है, वे एसएएस (सिविल लेखापरीक्षा) मुख्य परीक्षा 2018 में बैठने के लिए योग्य हैं।

एसएएस (सिविल लेखा) परीक्षा मे बैठने के लिए उपलब्ध अवसरों की बकाया संख्या की गिनती करते समय स.ले.अ. (तदर्थ) और एसएएस (सिविल लेखा) उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए अवसरों की संख्या को ध्यान में रखा जाएगा। तदनुसार, उक्त परीक्षाओं में बैठने वाले योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जा सकता है।

भवदीय,

(एस आर धल)
महानिदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

सख्या. 730/म.नि.(परीक्षा)/परिणाम/एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-I&II/प्रों. 2018
दिनांकः- 09 जुलाई 2018

**2018 का परिपत्र संख्या 11**

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के संबंधित कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/ एनएएए, शिमला, आईसीआईएसए एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषयः- मई 2018 में आयोजित 2017 पूरक एस.ए.एस/आरए/आई/सीपीडी-I&II परीक्षाओं का परिणाम।

महोदय/महोदया,

यह सूचित किया जाता है कि 18 मई 2018 से 25 मई 2018 तक आयोजित की गई 2017 पूरक एस.ए.एस/ आरए/ आई/ सी पीडी-I&II परीक्षाओं का परिणाम घोषित हो चुका है। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि कृपया परिणाम तथा गणना कार्ड सीएजी की वेबसाइट पर निम्नलिखित मार्ग **Home>Quick Links>Examinations>Results** (वेब लिंक, http://examreg.cag.gov.in/cag_admin/) से डाउनलोड करें। यूजर आईडी तथा पासवर्ड वही है जैसा अभ्यर्थियों के पंजीकरण के अनुमोदन के लिए विभागाध्यक्षों को भेजा गया था। विधिवत् हस्ताक्षरित हार्ड प्रति अलग से भेजी जा रही है।

भवदीय,
(हस्ताक्षर)
(एस.आर. धल)
महानिदेशक (परीक्षा)

# भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग नई दिल्ली

## परीक्षा अनुभाग

संख्या. 718/04-परीक्षा/एसएएस/आरए/सीपीडी-।एवं।।/कार्य./सितम्बर 2018
दिनांक- 02/07/2018

**2018 का परिपत्र संख्या 10**

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
आर.टी.आई./आर.टी.सी/एनएएए शिमला/ आई.सी.आई.एस ए. नोएडा, एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय:- अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस)/राजस्व लेखा परीक्षा/प्रोत्साहन/सतत व्यवसायिक विकास (सीपीडी)-। तथा ।। मुख्य परीक्षाएं, 2018

महोदय/महोदया,

अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस)/राजस्व लेखा परीक्षा/प्रोत्साहन/सतत व्यवसायिक विकास (सीपीडी)-। तथा ।। मुख्य परीक्षाएं, 2018 निम्नलिखित कार्यालयों में आयोजित करने का निर्णय किया गया है-

**(क) लेखापरीक्षा कार्यालय**

(i) राजस्व लेखापरीक्षा (आरएई) और सतत व्यवसायिक विकास – । तथा ।। (सीपीडी- । एवं ।।) परीक्षा सभी लेखापरीक्षा कार्यालयों में आयोजित की जाएगी।

(ii) अधीनस्थ लेखापरीक्षा सेवा (एसएएस) परीक्षा सभी लेखापरीक्षा कार्यालयों में (सभी श्रेणियों के लिए) आयोजित की जाएगी।

**(ख) लेखा एवं हकदारी कार्यालय**

(i) प्रोत्साहन परीक्षा (आईई) और सतत व्यवसायिक विकास -। तथा ।। (सीपीडी- । एवं ।।) परीक्षा सभी लेखा एवं हकदारी कार्यालयों में आयोजित की जाएगी।

(ii) अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा सभी लेखा एवं हकदारी कार्यालयों में (सभी श्रेणियों के लिए) आयोजित की जाएगी, (निम्नलिखित 8 लेखा एवं हकदारी कार्यालयों के कर्मचारियों को छोड़कर: बिहार, हरियाणा, केरल, मिजोरम, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडू और उत्तराखण्ड)।

**(ग)** **लेखा एवं हकदारी कर्मचारियों के लिए एसएएस (लेखापरीक्षा)** : लेखा एवं हकदारी कार्यालय के सभी योग्य अभ्यर्थियों (नए अभ्यर्थियों सहित) के पास एसएएस (सिविल लेखा) परीक्षा या एसएएस (सिविल लेखापरीक्षा) मुख्य परीक्षा 2018 में बैठने का विकल्प है (बिहार, हरियाणा, केरल, मिजोरम, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडू और उत्तराखण्ड के 8 लेखा एवं हकदारी कार्यालय के कर्मचारियों को छोडकर)। तथापि, बिहार, हरियाणा, केरल, मिजोरम, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडू और उत्तराखण्ड के लेखा एवं हकदारी के 8 कार्यालयों के योग्य अभ्यार्थियों को केवल एसएएस (सिविल लेखापरीक्षा) मुख्य परीक्षा 2018 में बैठने की अनुमति है। तथापि, सहायक लेखा अधिकारी/लेखा अधिकारी के तौर पर पदोन्नत होने के पश्चात् अभ्यार्थी एसएएस मुख्य परीक्षा 2018 में बैठने हेतु अनुमत नही हो सकते है।

(ii) एसएएस (सिविल लेखापरीक्षा) परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद, लेखा एवं हकदारी कार्यालयों से योग्य अधिकारी केवल अभाव वाले सिविल लेखापरीक्षा कार्यालयों में ही प्रतिनियुक्ति कम सम्भावित आमेलन के लिए योग्य होंगे। तथापि, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी के पद के भर्ती नियमों में निहित प्रावधानों के अनुसार, आवेदनों की प्राप्ति की अन्तिम तिथि पर प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नही हो।

(iii) सीपीडी-। परीक्षा में सभी सफल अभ्यर्थी, जिन्होंने अगस्त 2014 में आयोजित सीपीडी-। (मुख्य) परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनके लिए सीपीडी-।। परीक्षा आयोजित की जानी है।

भवदीय,

(एस आर धल)
महानिदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,10, बहादुर शाह जफर मार्ग

नई दिल्ली 110124

537

सं./45-परीक्षा/परिपत्र/एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-I&II/मई 2018/2010 (खण्ड-III)

स्पीड पोस्ट

दिनांक : 03-05-2018

परीक्षा अनुभाग

2018 का परिपत्र संख्या 09

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के सभी संबंधित विभागाध्यक्ष
आरटीआई/आरटीसी/एनएए, शिमला, आईसीआईएसए एवं निदेशक (कार्मिक)

विषय: मई 2018 पूरक एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-I&II परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र।

महोदय/महोदया,

18.05.2018 से 25.05.2018 तक आयोजति होने वाली मई 2018 पूरक एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-I&II परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र तैयार हैं तथा 07.05.2018 से 14.05.2018 तक निम्नलिखित लिंक से डाउनलोड किये जा सकते है। प्रवेश पत्र कार्यालय द्वारा जारी किये जायेंगे तथा अभ्यार्थी द्वारा प्रत्यक्ष रूप से डाउनलोडिंग अनुमत नहीं है। अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना वर्तमान का पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ जो कि 1 मार्च 2018 से पूर्व का नहीं होना चाहिए, चिपका कर उस पर अपने हस्ताक्षर करें।

प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर प्रसाशन के प्रभारी अधिकारी वरि. प्रशासन अधिकारी/प्रशासन अधिकारी द्वारा सत्यापित होने चाहिए। यह दो प्रतियों में है, एक प्रति अभ्यर्थी के लिए है तथा दूसरी कार्यालय अभिलेख के लिए (कार्यालय प्रति)। प्रवेश पत्रों का प्रिन्ट एक क्लिक में 25 प्रवेश पत्र निम्न मार्ग से लिया जा सकता है।

- Link http://examreg.cag.gov.in/cag.admin
- अभ्यर्थता के अनुमोदन के लिए पूर्व में सूचित "यूजर ID तथा HOD Password" का प्रयोग करें।
- लॉग इन के बाद, मीनू बार में आने वाले एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-I एवं II अभ्यर्थी पर क्लिक करें।
- 25 प्रवेश पत्र प्रिन्ट करने के लिए "हाइपर लिंक" 0_24, 25_49.......क्लिक करें।
- एक प्रवेश पत्र का प्रिन्ट लेने के लिए अभ्यर्थी के इंडेक्स नंबर पर क्लिक करें।

प्रवेश पत्रों पर उपलब्ध स्थान पर वरि. लेखापरीक्षा/लेखा अधिकारी/लेखापरीक्षा/लेखा अधिकारी (प्रशासन) के प्रतिहस्ताक्षर होने चाहिए।

कृपया इस परिपत्र की पावती की ई-मेल आईडीः examsection@cag.gov.in पर भेजे।

भवदीय

(एस आर धल)
महानिदेशक (परीक्षा)

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग**
**नई दिल्ली-110124**

**परीक्षा अनुभाग**

सं. 497/45-परीक्षा/परिपत्र/एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-। एवं ।।/मई 2018(पूरक)/2010/खण्ड-।।।
दिनांक: 27.04.2018

सेवा में

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/एनएए, शिमला/आईसीआईएसए नोएडा एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय: पूरक अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस)/राजस्व लेखापरीक्षा (आरए)/प्रोत्साहन (आई) एवं सतत व्यवसायिक विकास-। एवं ।। (सीपीडी- । एवं ।।) परीक्षा मई 2018 के लिए डेट शीट।

महोदय/महोदया,

परीक्षा अनुभाग के पत्र संख्या 470/45-परीक्षा/परिपत्र/अप्रैल 2018/पूरक/2010/(खंड-।।।) दिनांक 16.04.2018 के माध्यम से जारी 2018 के परिपत्र संख्या 5 की निरंतरता में यह बताया जाता है कि संलग्न डेटशीट के अनुसार पूरक एसएएस/आर/आई/सीपीडी-। एवं ।। परीक्षाऐं 18.05.2018 से 25.05.2018 तक आयोजित की जायोगी। उक्त परीक्षा में बैठने वाले पात्र अभ्यर्थियों को तद्नुसार सूचित कर दिया जाये।

कृपया इस पत्र की पावती ई-मेल आईडी examsection@cag.gov.in पर भेजे।

संलग्नक :- डेटशीट

भवदीय

(एस आर धल)
महानिदेशक (परीक्षा)

## एस.ए.एस./आरए/आई/सीपीडी-I एवं II पूरक परीक्षाएं, मई 2018

| दिनांक/दिन | पूर्वाह्न सत्र<br>(10: 00 से 12/12: 30) बजे | अपराह्न सत्र<br>(14: 00 से 16: 00) बजे |
|---|---|---|
| 18- 05-2018<br>शुक्रवार | पी.सी. - 1 एवं आईई -2<br>(2 पेपर) | आरएई-1, आईई -1 एवं पीसी -27<br>(3 पेपर) |
| 19- 05-2018<br>शनिवार | *पी.सी.- 2,*<br>आरएई-2 एवं आरएई-3<br>*(3 पेपर)* | सी - 4<br>(1 पेपर) |
| 20- 05-2018<br>रविवार | अवकाश | अवकाश |
| 21- 05-2018<br>सोमवार | पी. सी. - 3 एवं आईई -3<br>(2 पेपर) | सी - 3<br>(1 पेपर) |
| 22- 05-2018<br>मंगलवार | पी.सी.- 4 एवं आईई-4<br>(2 पेपर) | पी.सी.- 16,17,18,19 एवं 20<br>(5 पेपर) |
| 23- 05-2018<br>बुधवार | पी.सी- 5,6,7 एवं आरएई-10<br>(4 पेपर) | पी.सी.- 21,22,23,24,25,26 एवं<br>आरएई-4 से आरएई- 9<br>(12 पेपर) |
| 24- 05-2018<br>बृहस्पतिवार | पी.सी- 13,14 एवं 15<br>(3 पेपर) | सी - 2<br>(1 पेपर) |
| 25- 05-2018<br>शुक्रवार | पी.सी- 8,9,10,11 एवं 12<br>(5 पेपर) | सी - 1<br>(1 पेपर) |

### बैच टाईमिंग

| दिनांक | पूर्वाह्न सत्र | अपराह्न सत्र |
|---|---|---|
| | बैच - I | बैच - II |
| 18-05-2018 (शुक्रवार) | 10:00 से 12:30 | 14: 00 से 16:00 |
| 19-05-2018 से 25-05-2018 | 10: 00 से 12:00 | 14: 00 से 16:00 |

92

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय,10 बहादुर, शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110124

संख्या. 487/45-परीक्षा/परिपत्र/मई 2018/2010/खण्ड-III
दिनांक: -24-04-2018

**परीक्षा अनुभाग**
**2018 का परिपत्र संख्या 07**

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी सम्बन्धित कार्यालय
आर.टी.आई/ आर.टी.सी/ एन.ए.ए.ए. शिमला/आई सी आई एस ए नोएडा एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय: - मई 2018 पूरक अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एस ए एस.)/राजस्व लेखापरीक्षा/ प्रोत्साहन परीक्षा एवं सतत् व्यवसायिक विकास (सीपीडी-I एवं II) परीक्षाएँ

महोदय/महोदया,


यह सूचित किया जाता है कि पी.सी.-I, भाषा कौशल के हिन्दी माध्यम के अभ्यर्थियों के लिए वार्षिक एस.ए.एस. पूरक परीक्षा, मई 2018 में परीक्षा देने के लिए कस्टमाईजड ले आउट के बोर्ड "रैमिंगटन" के साथ आम तौर पर प्रयोग होने वाला "अक्षर" फोन्ट उपलब्ध होगा। यही पहले से ही सी.ए.जी की बेबसाइट पर पी.सी-I भाषा कौशल के अभ्यर्थियों को अभ्यास के लिए डेमो टैस्ट में अपलोड किया हुआ है। डेमो टेस्ट वेबसाइट http://cbexams.com/cagdtest, पर उपलब्ध है जिस पर रूट About Us -Resources - Examination द्वारा भी पहुंचा जा सकता है। पीसी-4/आईई-4 सूचना तकनीकी (व्यवहारिक) एवं पीसी-I भाषा कौशल पेपर मई 2018 (पूरक) एसएएस/प्रोत्साहन परीक्षा के लिए आपरेटिंग सिस्टम तथा साफ्टवेयर क्रमशः "विंडो एक्सपी" एवं उपर होगा। इसलिए अभ्यर्थियों को इसके अनुसार प्रशिक्षण देना चाहिए। यह दोहराया जाता है कि अभ्यर्थियों को सी.बी.टी.मोड द्वारा परीक्षा से परिचय कराने के लिए, पी.सी.-I भाषा कौशल के भाग "ब" (मसौदा तथा लेखन योग्यताएं) सहित संबंधित पेपरों में अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करें।

इस के अतिरिक्त सीबीटी मोड में परीक्षा देते समय टैब एवं कन्ट्रोल कीज, कट, कापी एवं पेस्ट कमान्ड्स को प्रश्न-पत्र की परीक्षा के समय निष्क्रिय कर दिया जायेगा। टूल बॉक्स में दर्शाया गया 'इन्डेन्ट' बटन का प्रयोग पैरो के बीच की जगह बढ़ानें/घटाने में किया जाता है जैसा कि अनुदेशों में इंगित है। पी.सी.-4/आई.ई-4 सूचना प्रौद्योगिकी (व्यवहारिक)प्रश्न-पत्र में भी शार्ट कट कीज़ जैसे "Ctrl Key" भी निष्क्रिय रहेगी।

मई 2018 की पूरक एस.ए.एस./आई.ई. परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों को तद्नुसार सूचित किया जाये।

कृपया इस परिपत्र की पावती e-mail id: examsection@cag.gov.in. पर भेंजे।


भवदीय
(एस.आर.धल)
महानिदेशक (परीक्षा)


Akshar Remington
Backspace
Tab
Caps Lock
Enter
Shift
Shift
Ctrl
Alt
Space
Alt
Ctrl


## Steps how to download the font and install it.

- Download the font from the link.
- Open the folder where the font downloaded.
- Right click the font and copy it.


For example:





- Go to C:\WINDOWS\Fonts and paste it there.




OR


PASTE FILE INTO THIS FOLDER


Fonts
File Edit View Favorites Tools Help
Search Folders
Select All Ctrl+A
Invert Selection
Arial Bold (TrueType)
Courier New Bold Italic...
Courier New Italic (Tru...
Estrangelo Edessa (...
Franklin Gothic Medium (Tr...

NSTRUCTION: Type your answer in the text-box provided below.

ote: To type the precis/Draft in Hindi download the Hindi Fonts (Click here to download Font Akshar) and copy them to "C:\WINDOWS\Fonts\" folder. Before writing your answer elect the respective Font from the Font dropdown list. After typing Precis/Draft please click the "save button" provided below.

ट: हिन्दी में सार/प्रारूप टाइप करने के लिए हिन्दी फ़ॉन्ट डाउनलोड कीजिए (फ़ॉन्ट डाउनलोड करने के लिए Akshar फ़ॉन्ट के नाम पर क्लिक कीजिए) और उनको "C:\WINDOWS\Fonts\" फ़ोल्डर में कॉपी कीजिए। उत्तर लिखने से पहले फ़ॉन्ट ड्रॉपडाउन लिस्ट से अपने फ़ॉन्ट का चयन कीजिए। सार/प्रारूप टाइपिंग के बाद नीचे दिए गए "सेव बटन" क्लिक करें।

ab key, control key, Cut, Copy and Paste commands will not be activated in CBT mode of examination in PC. For para spacing select first/starting word and click the TAB button ppearing above the text box.

सी. टी. मोड में परीक्षा के दौरान टैब की, कंट्रोल की, कट, कॉपी, पेस्ट आदेश (कमांड) सक्रिय नहीं होंगे। पैरा अंतर के लिए पहले/आरंभिक शब्द का चयन करें और टेक्स्ट बॉक्स के ऊपर दिए गए टैब बटन को क्लिक करें।

uto Save is there it happens for every 5 seconds.

ऑटो सेव है, यह हर पाँच सेकंड में होता है।

o Download Akshar Remington keyboard layout you can click here.

अक्षर रेमिंग्टन कीबोर्ड लेआउट को डाउनलोड करने के लिए यहाँ क्लिक कीजिए।

o view Documentation to install Fonts in "C:\WINDOWS\Fonts\" you can click here.

"C:\WINDOWS\Fonts\" में फ़ॉन्ट्स स्थापित करने के प्रलेखन देखने के लिए आप यहाँ क्लिक कीजिए।

B I U TAB Font Size

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का कार्यालय नई दिल्ली, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ल्ली

सं. 476/ 45. परीक्षा/ परिपत्र/मई 2018/2010/खण्ड-III
दिनांकः-18.04.2018

**परीक्षा अनुभाग**

**2018 का परिपत्र सं.6**

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के सभी संबंधित कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/एनएए, शिमला/आईसीआईएसए नोएडा एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय:- पूरक एसएएस/आरए/आईइ/सीपीडी-I एवं II परीक्षा मई 2018 के लिए अभ्यर्थियों का ऑन-लाइन पंजीकरण।

महोदय/महोदया,

पूरक एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-I एवं II परीक्षा मई 2018 के लिए पात्र अभ्यर्थियों की अभ्यर्थता के अनुमोदन के लिए पासवर्ड, संबंधित कार्यालयों को भेजे जा रहे हैं। विभागाध्यक्षों द्वारा अभ्यर्थी के अनुमोदन/निरनुमोदन, का जैसा भी मामला हो, 25.04.2018 तक पूरा हो जाना चाहिए क्योंकि इसके पश्चात कोई छूट नही दी जाएगी।

विभागाध्यक्ष अभ्यर्थियों की पात्रता की परिशुद्धता सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(एस.आर.धल)
महा निदेशक(परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

पत्र संख्या.470/45-परीक्षा/परिपत्र/अप्रैल 2018/मार्च-2017/पूरक/2010 (खण्ड।।।)
दिनांकः- 16/04/2018

परीक्षा अनुभाग

2018 का परिपत्र सं. 05

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/एनएएए/आईसीआईएसए एवं
निदेशक (कार्मिक)
(विदेशों में स्थित लेखापरीक्षा कार्यालयों को छोड़कर)

विषयः मई 2018 में आयोजित होने वाली पूरक् अधीनस्थ लेखा तथा लेखापरीक्षा सेवा (एसएएस)/ राजस्व लेखापरीक्षा /प्रोत्साहन/ सतत व्यावसायिक विकास (सीपीडी)-। परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के आन लाइन पंजीकरण हेतु दिशा निर्देश और परीक्षा केन्द्रों की सूची।

महोदय/महोदया,

जैसा कि परीक्षा अनुभाग के पत्र संख्या /45-परीक्षा/परिपत्र/पूरक.18/2012 दिनांक 16.04.2018 द्वारा जारी 2018 के परिपत्र संख्या 04 के माध्यम से पहले ही सूचित किया जा चुका है कि पूरक एसएएस/ आरए/ आई/ सीपीडी-। एवं ।। परीक्षाएं मई 2018 में होगी। परीक्षा मौजूदा अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जायेगी अर्थात जो सितम्बर 2017 या उससे पहले की एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-। एवं ।। में मुख्य परीक्षाओं में बैठे थे परन्तु इस परीक्षा को उत्तीर्ण नही कर पाये। परीक्षाओं की तिथि यथासमय जारी की जायेगी।

2. उपरोक्त परीक्षाओं के लिए सम्भावित अभ्यर्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण 18-04-2018 से 24-04-2018 तक होगा। चूकि पंजीकरण ऑनलाइन है इसमें की गई प्रविष्टियों के साथ पंजीकरण को पुनः खोले जाने की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए जोर दिया जाता है कि अभ्यर्थियों के विवरणों की यथातथ्यता का सत्यापन एवं सुनिश्चय, सेवा पुस्तिका और इस से संबंधित अन्य अभिलेखों से किया

जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी एक बार पंजीकृत हो जाता है तो अवसर को उसका उपयोग किए जाने के समान माना जाएगा।

3. उपर्युक्त उल्लिखित परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को संबंधित संवर्ग नियंत्रित करने वाले कार्यालयों, में आवेदन पत्र को भरकर ऑन लाइन पंजीकृत किया जाना है।

- सम्बन्धित कार्यालयों के वरिष्ठ उप महालेखाकार/उप महालेखाकार (प्रशासन) अथवा वरिष्ठ लेखा/लेखा परीक्षा अधिकारी (प्रशासन) को अभ्यर्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया का व्यक्तिगत रूप से पर्यवेक्षण करना है तथा अभ्यर्थियों के विवरणों की यथातथ्यता को सुनिश्चित करना है।

  इससे न केवल तथ्यों की यथार्थता सुनिश्चित होगी बल्कि पंजीकरण में दुहरीकरण से भी बचाव होगा और यह इनपुट नियंत्रण के रूप में कार्य करता है।

- इस प्रयोजन के लिये क्षेत्रीय कार्यालयों को इन्टरनेट की सुविधा सहित एक या अधिक समर्पित कम्प्यूटरों को पृथक/उद्दिष्ट करना चाहिए।

  अभ्यर्थियों के पंजीकरण के लिए पासवर्ड अलग से भेजा जाएगा। विभागाध्यक्षों द्वारा अभ्यर्थियों के अनुमोदन के लिए पासवर्ड अलग से प्रेषित किये जा रहे है।

<u>अति महत्वपूर्ण</u>

4. अभ्यर्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों को स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने के बाद भी अपूर्ण/गलत/विलम्बित पंजीकरण के कुछ मामले देखने में आये हैं। <u>अयोग्य अभ्यर्थियों के पंजीकरण के मामले भी प्रकाश में आये है।</u> पंजीकरण विवरणों की जांच के दौरान यह देखा गया कि कुछ अभ्यर्थियों ने पंजीकरण के समय केवल समूह । या केवल समूह ॥ के लिए आवेदन किया और अन्तिम क्षणों में समूह परिवर्तन करने की प्रार्थना की। कुछ अभ्यर्थियों ने पंजीकरण के समय कुछ प्रश्न पत्रों में छूट का दावा नही किया तथा पंजीकरण के समापन के बाद या प्रवेश पत्र जारी करते समय छूट का दावा किया। ऐसे भी मामलें थे जिसमें अभ्यर्थियों ने, यद्यपि पूर्व परीक्षा में स्वयं को ऑन लाईन पंजीकृत किया है, आखरी परीक्षा में उनको आबंटित इंडेक्स नंबर का प्रयोग न करते हुए नवीन अभ्यर्थी के रूप में पुनः पंजीकरण किया है। ऐसा नाम में छोटे से परिवर्तन जैसे (स्पेस, (-), अंडर स्कोर (-) या कोमा या बिन्दु आदि के प्रयोग से अथवा नाम में अक्षर छोड देने के कारण हो सकता हैं। <u>इनसे यह संकेत मिलता है</u>

2

कि परीक्षा के लिए अभ्यर्थन का अनुमोदन करते समय अभ्यर्थियों के विवरणों की क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा ठीक से जाँच नहीं की गई है। इसे दोहराया नही जाना चाहिए।

परीक्षा में अयोग्य अभ्यर्थियों के बैठने की घटनाओं को कम करने के लिए सब्मिट बटन क्लिक करने के बाद, केवल विवरणों का प्रिंट आउट लिया जाएगा और अभ्यर्थियों द्वारा उनकी जांच की जाएगी और प्रमाणित किया जाएगा कि विवरण सही है। इसे रिकार्ड में रखा जाए। किसी भी प्रकार की आकस्मिकता के मामले में, जहां यह नही किया जा सकता, ऐसे अभ्यर्थियों की एक सूची ईमेल द्वारा परीक्षा अनुभाग को मेल आईडी examsection@cag.gov.in पर प्रेषित की जाए।

इसलिए कृपया अन्य बातों के साथ साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि-

(i) अभ्यर्थी का पूरा नाम और उसका पितृत्व सेवा पुस्तिका के अनुरूप ही दर्ज किया गया है। सभी विवरणो की पूर्ण जाँच के बाद अभ्यर्थियों का पंजीकरण प्रशासन द्वारा अनुमोदित/प्रस्तुत किया जाना है। विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि कृपया सुनिश्चित करे कि भरे गये विवरण पूर्ण तथा सही है एवं केवल पात्र अभ्यार्थियों का पंजीकरण किया गया है।

(ii) अभ्यर्थी के ब्यौरों की विधिवत जाँच कर ली गयी है, विशेष रूप से सूचकांक संख्या/वर्ष / शाखा जिसमें कि वह बैठा/बैठी है, पदनाम और छूट का दावा। एस.ए.एस./एस.ओ.जी.ई./आरए/आई/सीपीडी-I एवं II तथा गैर एस.ए.एस से संबंधित छूट के दावो का विवरण ठीक- ठीक भरे गये है।
मुख्यालय कार्यालय को छूट की पुष्टि सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा का वर्ष जिसमें छूट सुरक्षित/अर्जित की गई हो सदा उल्लिखित करें।

(iii) ऑन-लाइन पंजीकरण प्रपत्र में अभ्यर्थियों का "यूनीक आईडी नंबर" (यूआईडीएन) भरने के लिए स्थान बनाया गया है। "यूआईडीएन" आवंटित करना पत्र संख्या 315-एन.जी.ई (नियुक्ति)/11-2004 दिनांक 11-05-2005 के माध्यम से जारी द्वारा मुख्यालय परिपत्र संख्या 35-एन.जी.ई/2005 के द्वारा अपेक्षित था। यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि कैडर कंट्रोलिंग कार्यालय द्वारा आबंटित "यूनीक आईडी नंबर" परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के पंजीकरण के समय भरे जाये।

(iv) यदि वांछनीय है, डिवीजनल एकाउंटेंट/डीएओ-II द्वारा पीसी-16 में छूट के दावे के लिए पंजीकरण मोडयूल में स्थान दिया गया है। डिवीजनल एकाउंटेंट ग्रेड परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष और अनुक्रमांक संख्या उसके लिए दिये गये स्थान पर भरनी है। पीसी-16 में छूट के दावे के संबंध में डिवीजनल एकाउंटेंट/डीएओ-II के विवरणों की विधिवत जाँच की जानी है।

(v) अभ्यर्थियों को अपने कैडर कंट्रोलिंग कार्यालयों, द्वारा पंजीकृत किया जाना हैं जहां से वह संबंधित हैं। जिस फोटो को अपलोड किया जा रहा हो वह 1 मार्च, 2018 से पहले की नहीं होनी चाहिए।

(vi) यदि किसी कार्यालय विशेष से, पंजीकृत होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी का स्थानांतरण दूसरे कार्यालय में हो जाता है, उसके दूसरे कार्यालय में स्थानांतरण के विषय में मुख्यालय को तुरंत सूचित करें। विवरण एवं केन्द्र के परिवर्तन के अनुरोध 25 अप्रैल 2018 के बाद विचार नही किया जाएगा। जिसे मेल आईडी examsection@cag.gov.in पर भी मेल द्वारा भेजा जा सकता है ताकि तुरन्त उचित कार्रवाई की जा सके। अभ्यार्थी को उसकी मौजूदा नियुक्ति/कार्य स्थल के अलावा कहीं और बैठने नहीं दिया जाएगा।

5. उपर्युक्त परीक्षाओं के पंजीकरण हेतु विस्तृत निर्देश/चरण,केन्द्रों की सूची सहित संलग्न हैं।

6. इसके अतिरिक्त, स्थायी आदेशों की नियमपुस्तिका (प्रशासकीय) के अध्याय IX में निर्धारित अन्य दूसरी जाँचो को, अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई महत्वपूर्ण सूचनो श्रेणी, दावा की गई छूटों आदि जैसे के अलावा विभागध्यक्ष द्वारा पूर्ण सत्यापन किया जाना हैं।

कृपया इस परिपत्र की पावती केवल ई-मेल आईडीः examsection@cag.gov.in पर भेजें।

भवदीय

संलग्नकः- उपरोक्तानुसार

साधल

(एस.आर.धल)

महानिदेशक (परीक्षा)

M

पूरक एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-। परीक्षाएं मई 2018 के पंजीकरण हेतु विस्तृत दिशानिर्देश

अ- अभ्यर्थियों का पंजीकरण (पंजीकरण मोडयूल)

(1) http://examreg.cag.gov.in/registration/वेब पते पर लॉग ऑन करें।

(2) सिस्टम कार्यालय कोड और पासवर्ड पूछता है। कृपया उन्हें दर्ज करें। पासवर्ड भेज दिये गये है।

(3) पंजीकरण के लिए आवेदन में सारी महत्वपूर्ण आवश्यक जानकारी तारांकन से संकेतित है। सिस्टम आवेदन प्रस्तुत करने के लिए अनुमति तब तक प्रदान नही करेगा जब तक कि तारांकन वाली सारी जानकारी भरी न जा चुकी हो।

(4) यदि अभ्यर्थी पहले से ही पंजीकरण के ऑन लाइन सीबीटी मोड के अंतर्गत पंजीकृत है तो नवीनतम सीबीटी इंडेक्स नंबर दर्ज करें। जन्म तिथि का चयन करें तथा Submit बटन दबाये। उसके बाद जैसा पूछा गया हो वैसे आवश्यक स्थान को भरें।

(5) अभ्यर्थी जिन्होने पूर्व एसओजी परीक्षा दी है और सीबीटी मोड में परीक्षा नहीं दी है, उन्हें अपना एसओजीई इंडेक्स नंबर, वर्ष और माह जिसमें वह अखिरी बार बैठे हों, भरना होगा और "Submit New Registration" बटन को दबायें। उसके बाद जैसा पूछा गया हो वैसे आवश्यक स्थान भरें।

(6) "Submit" बटन को दबाने से पहले अभ्यर्थियों के विवरण की सूक्ष्म विवेचना कर लें। यदि किसी जानकारी को संशोधित करना हो तो ऐसा करने के लिए "Edit" बटन दबायें।

<u>जब कोई भी जानकारी "Edit" बटन के प्रयोग द्वारा संशोधित/संपादित की जायें तो हस्ताक्षरित फोटो को "ब्राउस" बटन का प्रयोग करके पुनः अपलोड करें। दोहरायें, यदि किसी भी जानकारी को "Edit" बटन के प्रयोग द्वारा संशोधित/संपादित किया जाये, तो हस्ताक्षरित फोटो को "ब्राउस" बटन का प्रयोग करके पुनः संलग्न/पुनः अपलोड किया जाना चाहिए।</u>

7. एक बार "पुष्टि" (Confirm) बटन के प्रयोग द्वारा जानकारी की पुष्टि होने पर, पंजीकरण स्तर पर संशोधन नहीं किया जा सकता है।

8. पुष्टि के बाद, सिस्टम आवेदन को अंतिम मानता है और एसएएस के लिए "एस", राजस्व लेखापरीक्षा के लिए "आर", प्रोत्साहन परीक्षा के लिए "आई", और सीपीडी-। परीक्षा के लिए "सी" और सीपीडी-।। के लिए 'सीबी' उपसर्ग लगाकर अभ्यर्थी का इंडेक्स नंबर जारी करता है।

(9) भविष्य में पत्राचार के लिए इंडेक्स नंबर नोट कर लेना चाहिए और विंडो बंद कर दें।

(10) यदि वैकल्पिक जानकारी जैसे अभ्यर्थियों का ई मेल पता और मोबाइल नंबर भरी गई हों तो यह प्रवेश पत्र के जारी तथा प्राप्त करने और परीक्षा हाल में प्रवेश करने से संबंधित संदेश भेजने को सुगम बनाने में सहायक होगा।

(11) नवम्बर 2010 से प्रत्येक पंजीकरण एक अवसर के रूप में गिना जाता है। एसएएस परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए केवल छः प्रयास ही अनुमेय हैं। हालांकि वह अभ्यर्थी जो कि पूरे छः अवसर समाप्त कर चुके हैं एवं पात्र एसएएस परीक्षा की पांच परीक्षाओं में छूट/उत्तीर्ण हो चुके हैं को चार

(4) अतिरिक्त अवसर तुरंत अनुक्रमिक परीक्षा से प्रारंभ होंगे एवं 4 क्रमांगत एसएएस परीक्षा के परिणामों के पश्चात रद्द हो जायेगे। अभ्यार्थी के एक बार पंजीकरण के बाद अभ्यर्थिता का नाम वापिस लेना अनुमत नहीं है।

(12) अन्य कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर होने वाले अभ्यर्थियों सहित अभ्यर्थी का केन्द्र उनका मौजूदा कार्य स्थल होगा।

(ब) विभागाध्यक्ष द्वारा अनुमोदन (एडमिन मोडयूल)

1. विभागाध्यक्ष को छूट की अनुमति सहित एमएसओ (प्रशासन) के अध्याय 9 के अनुसार प्रयोग किये जाने की आवश्यकता के अनुसार अच्छी तरह से पूरी जाँच करनी चाहिए।

2. http://examreg.cag.gov.in/cag_admin "वेबसाइट पर लॉग ऑन करें।

3. सिस्टम यूज़र आईडी और पासवर्ड पूछेगा। यूज़र आईडी "Cag" है, पासवर्ड अलग से भेजे जा रहे हैं। कृपया उसे भरें। विभागाध्यक्ष यूजर आई डी और पासवर्ड बदल सकते हैं।

4. विभागाध्यक्ष अभ्यर्थियों द्वारा भरी गई जानकारी का विवरण देख सकते हैं। सिस्टम उस तिथि तक प्राप्त आवेदनों की संख्या को उनके इंडेक्स नंबर के साथ दिखाता है।

5. विभागाध्यक्ष स्क्रीन पर उपलब्ध छूट मैट्रिक्स और पंजीकरण संख्या को दबाकर अभ्यर्थी द्वारा दावा की गई छूट का ऑन-लाइन सत्यापन कर सकते हैं।

6. विभागाध्यक्ष "Edit" बटन के माध्यम से अभ्यर्थी द्वारा भरी गई जानकारी को संशोधित कर सकते हैं। यदि अभ्यर्थी के विवरण के सत्यापन के बाद कोई संशोधन हो तो उसके बाद "प्रस्तुत" (Submit) बटन दबायें। इससे अभ्यर्थी के आवेदन का विभागाध्यक्ष द्वारा अनुमोदन पूर्ण होगा अर्थात परीक्षा के लिए अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता का अनुमोदन।

7. अभ्यर्थी "प्रतीक्षा" मोड के अंतर्गत नहीं रखा जा सकता। उसकी अभ्यर्थिता या तो "अनुमोदित" या "अस्वीकृत" होनी चाहिए। "प्रतीक्षा" मोड में अभ्यर्थी, अंतिम तिथि को स्वतः ही "अस्वीकृत" हो जायेगे।

8. अनिवार्य विवरणों के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा बताई गई किसी भी प्रकार की त्रुटि में सुधार के मामले में, उसे सत्यापन के तुरन्त बाद एडमिट कार्ड जारी करने से पूर्व सुधार हेतु परीक्षा अनुभाग को मेल आईडी examsection@cag.gov.in पर प्रेषित किया जाना चाहिए।

9. विभागाध्यक्ष को अभ्यर्थियों की पात्रता की सत्यता सुनिश्चित करनी चाहिए और केवल सत्यापन के बाद ही विभागाध्यक्ष का अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए।

हस्ता/-

(एस.आर.धल)

महानिदेशक (परीक्षा)

मई 2018 एस.ए.एस./ आर.ए/आई/सीपीडी-I एवं II परीक्षाओं के लिए केन्द्रों की सूची

| क्र.सं. | केन्द्र का नाम |
|---|---|
| 1. | अगरतला |
| 2. | अहमदाबाद |
| 3. | एजवाल |
| 4. | इलाहाबाद |
| 5. | बैंगलुरू |
| 6. | भोपाल |
| 7. | भुवनेश्वर |
| 8. | चण्डीगढ |
| 9. | चैन्नै |
| 10. | मदुरई |
| 11 | देहरादून |
| 12. | गैंगटोक |
| 13. | गोवा |
| 14 | गोरखपुर |
| 15 | गुवहाटी |
| 16 | ग्वालियर |
| 17. | हैदराबाद |
| 18. | ईटानगर |
| 19. | इम्फाल |
| 20. | जयपुर |
| 21. | श्रीनगर |
| 22. | जम्मू |
| 23. | तिरूवनंतपुरम |
| 24. | कोच्चि |
| 25. | त्रिशुर |
| 26. | कोहिमा |
| 27. | कोलकाता |
| 28. | लखनऊ |
| 29. | मुम्बई |
| 30. | नागपुर |
| 31. | नई दिल्ली |
| 32 | पटना |
| 33. | पुणें |
| 34. | रायपुर |
| 35. | राजकोट |
| 36. | रांची |
| 37. | शिलांग |
| 38. | शिमला |

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,10, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली।

परीक्षा अनुभाग

2018 का परिपत्र संख्या 04

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के संबंधित कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/एनएएए, शिमला, आईसीआईएसए एवं
निदेशक (कार्मिक)

सं.469/45-परीक्षा/परिपत्र/पूरक-14/2012
दिनांक:- 16-04-2018

विषय:- मई 2018 पूरक एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-I परीक्षाओं का आयोजन।

महोदय/महोदया,

स्टाफ नियुक्ति विंग के पत्र संख्या 938-स्टाफ (नियुक्ति-I)/25-2011 दिनांक 24-11-2011 के माध्यम से जारी परिपत्र संख्या 34-स्टाफ (नियुक्ति-I) 2011 के अनुसार पूरक एसएएस परीक्षा प्रतिवर्ष दो बार आयोजित होनी चाहिए। तद्नुसार अगली पूरक परीक्षा मई 2018 में आयोजित की जायेगी। पूरक एसएएस परीक्षा मई 2018 के साथ में पूरक राजस्व लेखापरीक्षा/प्रोत्साहन और सीपीडी-I एवं II परीक्षा आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। तिथि बाद में सूचित की जायेंगी। अभ्यर्थियों का ऑन-लाइन पंजीकरण 18-04-2018 से 24-04-2018 तक होगा।

कृपया इस परिपत्र की पावती की ई-मेल आईडीः examsection@cag.gov.in पर भेजे।

भवदीय

(एस आर धल)
महानिदेशक (परीक्षा)

तत्काल व्यापक प्रचार के लिए

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,10, बहादुर शाह जफर मार्ग नई दिल्ली

परीक्षा अनुभाग

सं.468/35-परीक्षा/2008/V

दिनांक:- 13-04-2018

2018 का परिपत्र संख्या 03

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के संबंधित कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/एनएएए, शिमला, आईसीआईएसए एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय:- मुख्य एसएएस परीक्षा 2017 की पूरक अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस) परीक्षा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए छूट के स्तरों का निर्धारण।

महोदय/महोदया,

परीक्षा अनुभाग के पत्र संख्या 770/35-परीक्षा/2008/V दिनांक 10-08-2017 के माध्यम से जारी 2017 के परिपत्र संख्या 11 के अनुसार एसएएस परीक्षा के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति में आने वाले अभ्यर्थियों को अनुमेय छूट की सीमा मई 2018 में आयोजित की जाने वाली पूरक अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस) परीक्षा के लिए भी लागू रहेंगी।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए भविष्य में एसएएस परीक्षा के लिए ऐसी छूट की सीमा की समीक्षा जाएगी और ऐसी परीक्षा के आयोजन से पूर्व तद्नुसार अधिसूचित की जाएगी।

इस छूट का व्यापक प्रचार किया जाना चाहिए और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को उचित रूप से उपर्युक्त छूट की जानकारी दी जानी चाहिए।

कृपया इस परिपत्र की पावती की ई-मेल आईडीः examsection@cag.gov.in पर भेजे।

भवदीय

श्री धल

(एस आर धल)

महानिदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षा का कार्यालय,10 बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली

सं 188/04- परीक्षा/एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-I-II/कार्य/सितम्बर 2018
दिनांक 06/03/2018

परीक्षा अनुभाग
2018 का परिपत्र संख्या 2

सेवा में,

भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग के सभी कार्यालय
(अधीनस्थ कार्यालयों सहित)
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र. केन्द्र/एनएएए शिमला/ आईसीआईएसए नोएडा एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय :- वार्षिक/मुख्य 2018 अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा (एसएएस) परीक्षा में बैठने हेतु अभ्यर्थियों का पात्रता मानदंड।

महोदय/महोदया,

सीएजी एमएसओ (प्रशा.) खण्ड-I के पैरा 9.2.6. में उपलब्ध प्रावधान में छूट से संबंधित स्टाफ नियुक्ति विंग के पत्र संख्या 88 स्टाफ (नियुक्ति-I) 18-2010/ के डब्लयू दिनांक 18-01-2018 के माध्यम से जारी परिपत्र संख्या 02 स्टाफ (नियुक्ति-I) -2018 के अनुक्रम में यह कहा जाता है कि अगली वार्षिक/मुख्य एसएएस/ आरए/आई/सीपीडी-I तथा II परीक्षाएें सितम्बर 2018 में आयोजित करना प्रस्तावित है। वार्षिक/मुख्य 2018 एस.ए.एस परीक्षा में बैठने के लिए अभ्यर्थियों की पात्रता मानदंड की निर्दिष्ट तिथि 1 सितम्बर, 2018 निर्धारित की गई है ।

कृपया इस परिपत्र की पावती ई-मेल आईडी : examsection@cag.gov.in पर भेजें।

भवदीय,

(एस.आर.धल)
महानिदेशक (परीक्षा)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10 बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली

परीक्षा अनुभाग

संख्या. 06/म.नि.(परीक्षा)/परिणाम/एसएएस/आरए/आई/सीपीडी-।एवं।।/प्रो./2017
दिनांक- 04/01/2018

2018 का परिपत्र संख्या 01

सेवा में,

भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग के संबंधित कार्यालय
क्षे.प्र.सं./क्षे.प्र.केन्द्र/एनएए, शिमला, आईसीआईएसए एवं
निदेशक (कार्मिक)

विषय :- अक्तूबर, 2017 एस.ए.एस/आरए/आई/सीपीडी-।एवं।। परीक्षाओं का परिणाम।

महोदय/महोदया,

आपको यह सूचित किया जाता है कि 06-10-2017 से 14-10-2017 तक आयोजित की गई अक्तूबर 2017 एस.ए.एस/आरए/आई/सीपीडी-।एवं।। परीक्षाओं का परिणाम घोषित हो चुका है। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि कृपया परिणाम तथा गणना कार्ड निम्नलिखित वेब लिंक, www.cag.gov.in/content/examinations/Results या cag.gov.in>About us>Resources>Examinations>Results से डाउनलोड करें।

यजूर आईडी तथा पासवर्ड वही है जैसा अभ्यर्थियों के पंजीकरण के अनुमोदन के लिए विभागाध्यक्षों को भेजा गया था। विधिवत् हस्ताक्षरित हार्ड प्रति अलग से भेजी जा रही है।

भवदीय,
हस्ता/-
(एस.आर.धल)
महानिदेशक (परीक्षा)